## खबर संक्षेप

### विन्ध्य विकास फोरम ने लगाए 500 से अधिक पौधे

**सतना।** प्रकृति के संरक्षण को सर्वोपरि मानते हुए सामाजिक संगठन विन्ध्य विकास फोरम ने अपना नौवां वृक्षारोपण अभियान शनिवार को इंडस्ट्रियल एरिया में पूरा किया। इस दौरान शीशम, कदम, इमली और हरड़ जैसे कई औषधीय और फलदार पौधे लगाए गए। संगठन ने इन पौधों की देखभाल और संरक्षण की पूरी जिम्मेदारी भी ली है।फोरम के उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि अभी तक शहर में 500 से भी अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और उनकी उचित देखभाल की जा रही है। आवश्यकता के अनुसार,पौधों को खाद और कीटनाशक भी दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक गिरीश सुखेजा थे,और अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरिओम गुप्ता, राकेश त्रिपाठी,डॉ.पुष्पराज सिंह और अन्य कई सदस्य मौजूद रहे।

### सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई: 9 लोग जुआ और सट्टा खेलते पकड़े गए

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 30 अगस्त को सब्जी मंडी क्षेत्र में दबिश देकर जुआ और सट्टा चलाने वाले 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की,जिसमें 6 लोग सट्टा पर्ची काटते हुए पकड़े गए। उनके पास से सट्टा पर्ची,पेन और नकदी जब्त की गई। वहीं,3 लोग जुआ खेलते हुए मिले। सट्टा अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।
गिरफ्तार किए गए लोगों में विजय वंशकार,राजेश चौधरी,जुगराज कुशवाहा,राजेश कुमार चौधरी,बबलू गुप्ता,शारदा प्रसाद नामदेव,विनोद कुशवाहा,नीलू साकेत और जाकिर हुसैन शामिल हैं। पुलिस ने मौके से कुल 5250 रुपये नकद,सट्टा पर्चियां और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

### शहर में मानसून के बाद विद्युत लाइनों का रखरखाव शुरू

**सतना।** शहर में बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए 30 अगस्त से विद्युत लाइनों का पोस्ट-मानसून रखरखाव कार्य शुरू हो गया है। शुरुआत में ईद और गणेश विसर्जन से संबंधित सबस्टेशन, फीडर और ट्रांसफॉर्मर का मेंटेनेंस किया जा रहा है,जिसमें बरसात में पोल और ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ी हुई बेलों को हटाना भी शामिल है। 30 और 31 अगस्त को पुराना पावर हाउस और सब्जी मंडी उपकेंद्र के तहत आने वाले खेरमाई रोड,मुख्य बाजार और जयस्तंभ चौक क्षेत्रों में काम हो रहा है। इसके बाद,1 से 3 सितंबर तक जवाहरनगर,खूंथी और राजेंद्रनगर जैसे क्षेत्रों का मेंटेनेंस होगा।

### अब रेट रिवाइज के लिए होगा सर्वे, अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं

# रेलवे स्टेशन में पार्किंग का ठेका दो बार फेल, 2 महीने से लावारिस खड़ी हैं गाड़ियां

**सतना।** रेलवे स्टेशन पर वाहनों की पार्किंग का ठेका पिछले दो महीने से बंद पड़ा है,जिससे स्टेशन परिसर में लावारिस गाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पार्किंग ठेके के लिए दो बार ई-टेंडर जारी किए गए,लेकिन दोनों बार कोई भी ठेकेदार सामने नहीं आया,जिसके कारण यह ठेका लगातार फेल हो रहा है। 22 जून से पार्किंग की व्यवस्था ठप है,और पिछले 2 महीने 8 दिन से यहां कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। पहले टेंडर के लिए बेस प्राइस 8 लाख 22 हजार रुपए रखी गई थी, जो 45 दिन की अवधि के लिए थी।इसके बाद दो बार 66 लाख 66,006 रुपए का ई-टेंडर निकाला गया, लेकिन किसी ने भी इसमें रुचि नहीं दिखाई। अधिकारियों का मानना है कि ठेके की ऊंची कीमत इसकी सबसे बड़ी वजह है।पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण पूर्वी क्षेत्र के प्लेटफार्म नंबर एक पर गाड़ियों की लंबी कतार लग रही है,जिससे यात्रियों और अन्य वाहनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के बावजूद,स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।लोगों में इस बात




को लेकर नाराजगी है कि अधिकारियों और राज नेताओं ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है।अधिकारियों से बात करने पर पता चला कि वे मीडिया से बात करने से हिचकते हैं,क्योंकि उन्हें डर है कि वरिष्ठ अधिकारी उनसे नाराज होंगे। सतना रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब इस समस्या का समाधान निकालने के लिए रेट को रिवाइज करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए एक तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा,जिसमें अकाउंट,वाणिज्यिक और इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम एक हफ्ते के भीतर अपनी रिपोर्ट सीनियर डीसीएम को सौंपेगी,जिसके बाद पार्किंग के रेट में बदलाव का फैसला लिया जाएगा।
फिलहाल,स्टेशन पर पार्किंग की स्थिति अनियंत्रित बनी हुई है,और यात्रियों को अपनी गाड़ी खड़ी करने में खासी परेशानी हो रही है।अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है,और यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर कब तक स्टेशन की यह अव्यवस्था जारी रहेगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** नागौद पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।आरोपी,जिसकी पहचान रमाकांत उर्फ पंडा प्रजापति के रूप में हुई है,को अदालत में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।
पीड़िता ने नागौद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिछले साल एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात आरोपी रमाकांत से हुई थी। इसके बाद,दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। 6 जून 2025 को आरोपी ने पीड़िता को उसकी मामी के घर से बाहर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के करीब दो महीने बाद,पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर जांच में सामने आया कि वह गर्भवती है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी रमाकांत उर्फ पंडा प्रजापति,निवासी रहिकवारा,थाना नागौद,जिला सतना को गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही में नागौद पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्यकीर्ति सिंह,महिला आरक्षक पूजा मालवीय और आरक्षक मुनेश सिंह व शैलेंद्र यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मैहर में मजिस्ट्रेट चेकिंग, ओवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा

**मैहर।** नवरात्रि पर्व को देखते हुए मैहर न्यायालय की ओर से शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। देवीजी बंधा बैरियल क्षेत्र,सरला नगर रोड,बरही मार्ग पर मोबाइल न्यायालय लगाया गया। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट,थाना प्रभारी मैहर,यातायात प्रभारी,चौकी देवीजी पुलिस बल और न्यायालय स्टाफ मौजूद रहे। सभी प्रकार के वाहनों की सघन चेकिंग की गई। ओवरलोड और नियम विरुद्ध वाहनों पर कार्रवाई करते हुए मौके पर चालान काटे गए,कई वाहनों को जप्त कर थाने परिसर में खड़ा कराया गया। साथ ही वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि नवरात्रि के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।



## मैहर में सीएमओ के विरुद्ध अध्यक्ष सहित 18 पार्षदों ने की शिकायत

**मैहर।** नगरपालिका में एक बार फिर हंगामा खड़ा हो गया है। नगरपालिका अध्यक्ष सहित 18 पार्षदों ने प्रभारी सीएमओ के खिलाफ कलेक्टर और नगरीय आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपा है। पार्षदों ने सीएमओ पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं,जिनमें भ्रष्टाचार और तानाशाही का आरोप प्रमुख है। पार्षदों का कहना है कि प्रभारी सीएमओ की कार्यशैली के कारण आम जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं और सरकार की योजनाएं भी सही ढंग से लागू नहीं हो पा रही हैं। शिकायत पत्र में पार्षदों ने आरोप लगाया है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है,सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं,और सीएमओ ठेकेदारों से लेन-देन में पारदर्शिता नहीं बरत रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएमओ पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल का जवाब नहीं देती हैं। पार्षदों ने हाल ही में हुई बीएसएनएल की बाउंड्री गिरने की घटना के लिए भी उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। पत्र में मांग की गई है कि प्रभारी अधिकारी को तत्काल हटाया जाए और मैहर में एक स्थायी अधिकारी की नियुक्ति की जाए,ताकि जनता का विश्वास वापस आ सके।

# संतान की सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा संतान सप्तमी का व्रत, की पूजा अर्चना



**सतना। संतान सप्तमी का व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को पूरे विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस दिन माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु,सुख-समृद्धि और सुरक्षा के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की।**

सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर,स्नान कर महिलाओं ने स्वच्छ वस्त्र धारण किए। पूजा के लिए एक चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। घी का दीपक जलाकर, फूल, अक्षत, पान, सुपारी, नारियल और वस्त्र आदि सामग्री अर्पित की गई। इसके बाद, भगवान को खीर-पूरी का भोग लगाकर, संतान सप्तमी की व्रत कथा का श्रवण किया गया। इस दौरान पूजा में शामिल हुईं लता सिंह, गुड़िया, सुलेखा, संगीता, सुजाता और गीता ने पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद भगवान शिव को अर्पित किया गया कलावा अपनी संतान की कलाई पर बांधा गया, जिससे बच्चों की लंबी आयु और सुरक्षा की कामना की गई। व्रत के दौरान माताओं ने केवल फल, दूध और दही का सेवन किया। पूजा संपन्न होने के बाद,भगवान को चढ़ाया गया प्रसाद परिवार और बच्चों में बांटा गया,जिससे पूरे घर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। यह व्रत संतान के प्रति माता के असीम प्रेम और समर्पण का प्रतीक है।

### मैहर में भी माताओं ने की पुत्रों की लंबी आयु की कामना

पुत्रों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के साथ शनिवार को मैहर के महात्मा गांधी वार्ड नंबर 14,चोपड़ा कॉलोनी में माताओं ने पारंपरिक संतान साते का व्रत रखा। यह व्रत सदियों से चला आ रहा है,जिसमें माताएं अपने बेटों के दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं। इस विशेष पूजन का आयोजन सुबह 10:30 बजे किया गया,जिसमें दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने हिस्सा



लिया। पंडित मनोज चौरिहा ने विधि-विधान से पूजन करवाया। महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ और चांदी की चूड़ी की पूजा की। इस दौरान पंचमेवा से स्नान करवाया गया और खीरे को भी पूजन में विशेष महत्व दिया गया। पूजा के बाद भोग प्रसाद लगाया गया। व्रत रखने वाली महिलाओं में श्रीमती सरोज गुप्ता,श्रीमती पूजा गुप्ता,श्रीमती अनारकली बर्मन,श्रीमती पूजा तिवारी,श्रीमती किरण बर्मन,श्रीमती प्रीति तिवारी, श्रीमती ज्योति बर्मन,श्रीमती कृष्णा बर्मन,श्रीमती विमला बर्मन और बेबी बर्मन शामिल थीं। इस धार्मिक आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल बना दिया।

## ऑटो और ई-रिक्शा पर परिवहन विभाग का विशेष चेकिंग अभियान



**सतना।** परिवहन विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 30 अगस्त को शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के खिलाफ एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान कुल 45 ऑटो की जांच की गई,जिसमें से 6 ऑटो में परमिट,फिटनेस,बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की कमी पाई गई। इन सभी 6 ऑटो को आगे की कार्रवाई के लिए यातायात थाने में सुरक्षित खड़ा करवाया गया है। सतना के आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस चेकिंग अभियान में परिवहन विभाग के अधिकारी राजऋषि तिवारी,मनोज गौतम, रामसुख, आशुतोष सिंह और चेतराम शामिल थे। इस तरह के अभियान का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और नियमों का पालन करवाना है।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 तक बढ़ी

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। पहले की निर्धारित तिथि के बजाय,अब इच्छुक छात्र-छात्राएं 15 सितंबर 2025 तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह सूचना कुल सचिव प्रो.आर.सी. त्रिपाठी द्वारा जारी की गई है। इस विस्तार से उन सभी विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो अभी तक किसी कारणवश आवेदन नहीं कर पाए थे।विश्वविद्यालय में स्नातक,परास्नातक, डिप्लोमा,पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट स्तर के नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। यह निर्णय छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि वे समय पर अपनी शैक्षणिक प्रक्रिया पूरी कर सकें।

# परिवार ने मांगी सुरक्षा, पार्षद ने कलेक्टर-एसपी को दिया आवेदन

**मैहर।** जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक-10 की सदस्य जयंती तिवारी ने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन पत्र सौंपा है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि पिछले कुछ दिनों से उनके कार्यालय के साइनबोर्ड पर लगातार तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं,जिससे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। जयंती तिवारी ने आशंका जताई है कि यह माहौल किसी अप्रिय घटना को जन्म दे सकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। यह घटना नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व से पहले हुई है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

## मेजर ध्यानचंद के आदर्शों का महत्व समझें आज के युवा: विधायक



**रामपुर बघेलान, सतना।** मध्य प्रदेश युवा कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120 वीं जयंती पर एक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह आयोजन सतना जिले के रामपुर बघेलान में भारत इंटरनेशनल स्कूल तपा में हुआ। विधायक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे,जबकि रामपुर जनपद के अध्यक्ष रावेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विधायक ने मेजर ध्यानचंद के आदर्शों,उनकी लगन और अनुशासन को अपने जीवन में उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को खेल के महत्व को समझना चाहिए। इस प्रतियोगिता में फुटबॉल और रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन किया गया।

# होंडा मोटर साइकिल और स्कूटर इंडिया ने सतना, मध्य प्रदेश में पूरी तरह नए CB125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स का शुभारंभ किया

## ग्राहकों को भव्य वितरण के साथ उत्साह से भर दिया

**सतना।** होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया (HMSI) ने सतना, मध्य प्रदेश में पूरी तरह नए CB125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स का परिचय कराया। पूरी तरह नए होंडा CB125 हॉर्नेट की कीमत 1,12,000 (विशेष प्रारंभिक प्रस्ताव) रखी गई है, जबकि शाइन 100 डीएक्स की कीमत 74,100 रखी गई है, सभी कीमतें सतना, मध्य प्रदेश के एक्स-शोरूम अनुसार हैं। कंपनी ने इन दोनों मोटरसाइकिलों का वितरण भी शुरू कर दिया है। नई पीढ़ी के सवारों को ध्यान में रखते हुए सीबी125 हॉर्नेट को तैयार किया गया है, जो अपने स्पोर्टी अंदाज़ और रोमांचक परफ़ॉर्मेंस के साथ 'राइड योर रिज़' की भावना को दर्शाती है। वहीं शाइन 100 डीएक्स अपने उन्नत फीचर्स और प्रीमियम स्टाइलिंग के साथ अपनी परंपरा को आगे बढ़ाती है, जो ग्राहकों की उम्मीदों पर खरी उतरती है – 'सॉलिड है'।



ग्राहक इन मोटरसाइकिलों की बुकिंग अपने नज़दीकी होंडा अधिकृत डीलरशिप पर जाकर कर सकते हैं। होंडा सीबी125 हॉर्नेट आक्रामक स्ट्रीट-स्टाइल डिज़ाइन के साथ आती है और चार आकर्षक रंग विकल्पों में उपलब्ध है – पर्ल सायरन ब्लू विद लेमन आइस येलो, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल सायरन ब्लू विद एथलेटिक ब्लू मेटैलिक, और पर्ल सायरन ब्लू विद स्पोर्ट्स रेड। इसमें सेगमेंट में पहली बार सुनहरे यूएसडी फ्रंट फोर्क्स दिए गए हैं। साथ ही इसमें ऑल-एलईडी लाइटिंग सिस्टम और 4.2 इंच का टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है, जो ब्लूटूथ-सक्षम होंडा रोडसिंक कनेक्टिविटी के साथ आता है, जिससे नेविगेशन, कॉल और एसएमएस अलर्ट्स तक आसान पहुंच मिलती है। अतिरिक्त सुविधाओं में यूनिवर्सल टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट और सिंगल-चैनल एबीएस के साथ आगे 240 मिमी पेटल डिस्क शामिल है। सीबी125 हॉर्नेट को शक्ति देता है 123.94 सीसी, सिंगल-सिलेंडर, फ्यूल-इंजेक्टेड, ओबीडी2बी मानक वाला इंजन, जो 8.2 किलोवाट पावर और 11.2 एनएम का पीक टॉर्क उत्पन्न करता है। यह 5-स्पीड गियरबॉक्स से लैस है और सिर्फ 5.4 सेकंड में 0 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है, जिससे यह अपने वर्ग की सबसे तेज़ मोटरसाइकिल बन जाती है। होंडा शाइन 100 डीएक्स प्रतिष्ठित 'शाइन' विरासत को एक नए, प्रीमियम डिज़ाइन के साथ आगे बढ़ाती है। इसमें नया डिज़ाइन किया गया हेडलैम्प आकर्षक क्रोम गार्निशिंग के साथ दिया गया है। चौड़ा और उभरा हुआ फ्यूल टैंक, आकर्षक बॉडी ग्राफ़िक्स, ऑल-ब्लैक इंजन और ग्रैब रेल को क्रोम मफलर कवर से और भी निखारा गया है। यह चार शानदार रंगों में उपलब्ध है – पर्ल इग्नियस ब्लैक, इम्पीरियल रेड मेटैलिक, एथलेटिक ब्लू मेटैलिक और जेनी ग्रे मेटैलिक। ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए शाइन 100 डीएक्स को डिजिटल एलसीडी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर से लैस किया गया है, जो रियल-टाइम माइलेज, डिस्टेंस-टू-एम्प्टी और सर्विस ड्यू रिमाइंडर जैसी जानकारियाँ प्रदर्शित करता है। नई शाइन 100 डीएक्स के केंद्र में 98.98 सीसी, सिंगल-सिलेंडर, फ्यूल-इंजेक्टेड, ओबीडी2बी मानक वाला इंजन है, जिसमें होंडा की भरोसेमंद ईएसपी (एन्हांस्ड स्मार्ट पावर) तकनीक दी गई है। यह इंजन 5.43 किलोवाट पावर और 8.04 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है, जिसे 4-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर महाराजा छत्रसाल स्टेडियम में गूंजा उत्साह, बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा - विजेताओं का हुआ सम्मान



**पवई।** शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाराजा छत्रसाल स्टेडियम पवई खेल प्रेमियों और बच्चों के जोश से सराबोर रहा। सुबह से ही स्टेडियम में बच्चों की भीड़ जुटने लगी और विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं की शुरुआत होते ही स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों ने दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो सहित कई खेलों में दमखम दिखाकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को सम्मानित करते हुए बच्चों को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और अनुशासन तथा परिश्रम को अपनाने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान एसडीओपी भावना सिंह दांगी एवं थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी भी मौजूद रहे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य आर.के. नागायच एवं विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी विवेक शंकर सिंह भी शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में शिवम बाल्मीकि और मुस्तकीन खान का विशेष सहयोग रहा, जिनके मार्गदर्शन और प्रयासों से प्रतियोगिताएं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं। नगर और ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं खेल प्रेमी इस आयोजन के साक्षी बने। दर्शकों ने बच्चों के प्रदर्शन पर जमकर तालियां बजाईं और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास और खेल भावना को भी मजबूत करते हैं।

### थाना प्रभारी ने किया नदी घाट का निरीक्षण



**अमानगंज।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने शनिवार को नगर स्थित नदी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा विश्रार्जन की तैयारियों का जायजा लिया और विसर्जन के लिए हाइड्रा कि भी व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर उन्होंने व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने घाट पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और प्रकाश व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा।

### श्री रामनरेश सिंह का दुखद निधन



**पन्ना।** न्यायालय पन्ना में कोर्ट मुर्हरित के रूप में कार्यरत श्री कमलेश्वर सिंह परिहार के पिता श्री रामनरेश सिंह परिहार (कोड़र) का स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को उनके निज निवास कोड़र जिला सतना में किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पुलिस विभाग एवं न्यायालीन कर्मचारियों ने श्रृद्धांजलि अर्पित की एवं शांति के लिए प्रार्थना की।

# सभी थानों पर स्थापित होंगी साइबर हेल्प डेस्क पीड़ित को तत्काल मिल सकेगी पुलिस सहायता

पुलिस कांफ्रेंस हॉल, पन्ना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर, थाना स्तर पर गठित साइबर हेल्पडेस्क के लिए नामांकित कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित।



**पन्ना।**

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। इस हेल्पडेस्क से पीड़ितों को थाना स्तर पर ही तत्काल मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध होगी। प्रशिक्षित कर्मचारी अब साइबर अपराध की तकनीकी जांच, डिजिटल साक्ष्य के संकलन तथा आवश्यकतानुसार उच्च स्तरीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित करने में सक्षम होंगे। पुलिस कांफ्रेंस हॉल, पन्ना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें थाना स्तर पर गठित साइबर हेल्पडेस्क के लिए नामांकित कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में बढ़ते साइबर अपराधों जैसे सोशल मीडिया दुरुपयोग, ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, डिजिटल पहचान चोरी और फिशिंग जैसे मामलों की त्वरित एवं प्रभावी जांच सुनिश्चित करना रहा। कार्यशाला के दौरान जिला साइबर टास्क फोर्स के कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न महत्वपूर्ण पोर्टलों की जानकारी दी गई, जैसे साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों के लिए एन.सी.आर.पी. (छब्त्च्) पोर्टल, मोबाइल ट्रेसिंग हेतु सी.ई.आई.आर. (ब्म्प्त्) पोर्टल तथा समन्वय पोर्टल के माध्यम से अन्य राज्यों की पुलिस से तालमेल स्थापित कर जांच में सहयोग प्राप्त किया जा सकेगा एवं आरोपियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई करने मे मदद मिलेगी। इस प्रशिक्षण से कर्मचारियों को साइबर अपराधों की रोकथाम और जांच में व्यवहारिक दक्षता प्राप्त हुई। साइबर हेल्पडेस्क की स्थापना से जनता को सीधे लाभ मिलेगा। पीड़ितों को त्वरित शिकायत दर्ज कराने और समाधान पाने की सुविधा उपलब्ध होगी। बैंक खातों, यूपीआई, एटीएम तथा सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग जैसे मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी। इसके साथ ही नागरिकों को साइबर जागरूक बनाने के लिए समय-समय पर साइबर सेफ्टी अभियान भी चलाए जाएंगे। ऑनलाइन ठगी के मामलों में पहले 24 घंटे को "गोल्डन आवर" माना जाता है और इस अवधि में त्वरित कार्रवाई से धनराशि की रिकवरी भी संभव हो सकेगी। कार्यशाला में कर्मचारियों को साइबर फ्रॉड की पहचान करने की तकनीकों, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया के साथ-साथ साइबर क्राइम पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा बताया गया कि इस तरह के प्रशिक्षण निरंतर जारी रहेंगे, जिससे थाना स्तर पर पदस्थ पुलिसकर्मियों को साइबर अपराधों के प्रति दक्ष बनाया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा के प्रति सदैव सजग है और डिजिटल युग में नागरिकों को सुरक्षित एवं भरोसेमंद माहौल प्रदान करने हेतु निरंतर कार्यरत है। उन्होंने आमजन से अपील की कि साइबर अपराध से संबंधित किसी भी घटना की सूचना तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा नजदीकी थाना में स्थापित साइबर हेल्पडेस्क पर दें, ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों को राहत उपलब्ध कराई जा सके।

## तेज रफ्तार बाइक के बीच अचानक कुत्ता आया दो घायल

**अमानगंज।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अमानगंज गन्नौर सड़क मार्ग पर गौरा और महेवा बीच आज एक तेज रफ्तार बाइक चालक उस वक्त जा गिरा हनुमानगंज की उड़ा रहा था और अचानक एक कुत्ता सामने आ फंसा जिससे कुत्ता तो घायल हुआ लेकिन उसने बाइक चालक को भी गिरा लिया इस घटना में दो लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है मौके पर उपस्थित सहयोगियों के सहयोग से घायलों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु दाखिल कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत सरल और सामान्य बताई गई कुछ ही देर बाद दोनों की छुट्टी अस्पताल से कर दी गई घटना में घायल हुए घायलों के नाम पिंकी राजा पिता मुन्ना राजा 22 वर्ष निवासी सिमरी और कृष्ण पाल पिता मुन्ना राजा घायल हुए

## मन की बात आयोजन को लेकर मंडल अमानगंज की बैठक आयोजित



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश एवं जिला संगठन के दिशा निर्देशन में गत माह की भांति इस माह आज 31 अगस्त को सारे प्रदेश और देश में मन की बात का आयोजन देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना के प्रत्येक मंडल में मंडल स्तर पर आज तैयारी बैठकों का आयोजन किया गया और मंडल मुख्यालय अमानगंज मे यह आयोजन नगर निकाय की सभा कक्ष में मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिन्होंने आज हर बूथ और शक्ति केंद्र के लिए पार्टी पदाधिकारी की नियुक्ति करने के साथ ही आज के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की और दोपहर 11:00 बजे मन की बात आयोजन हर शक्ति केंद्र पोलिंग बूथ पर आयोजित रखने की बात रखी बैठक मे मुख्य रूप से नगर निकाय अध्यक्ष सारिका खटीक, महामंत्री दीपक यादव उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आनंद सिंह राजपूत मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा संगठन मंत्री घमंडी चौधरी अमित चांदपुरिया विकास अग्रवाल सोनू, तेलग राम मूरत सिंह तोमर मोहित यादव शहर संगठन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शासकीय माध्यमिक शाला रेहुटा में शांतिपूर्ण माहौल में एसएमसी चुनाव सम्पन्न, सुशील सिंह बने अध्यक्ष



**पवई**

शासकीय माध्यमिक शाला रेहुटा में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का चुनाव उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में सर्वसम्मति से सुशील सिंह को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। सुशील सिंह के चयन पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी गुप्ता ने की। इस दौरान विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा और सभी ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में सहयोग दिया। चुनाव में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए, जिन्होंने सक्रियता से भाग लेकर विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। चुनाव सम्पन्न होने के बाद विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अभिभावकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, साफ-सफाई, खेलकूद और अन्य सहशैक्षिक गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने यह भी कहा कि एसएमसी चुनाव केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह विद्यालय के विकास की दिशा तय करता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बच्चों की शिक्षा, विद्यालय की सुविधाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## विदाई समारोह में बोलते हुए भावुक हो गए थाना प्रभारी सुशील अहिरवार



**गुनौर**

आज थाना परिसर गुनौर में पुलिस थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार आज 24 माह बीतने के उपरांत थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार रूस्तम अवार्ड से सम्मानित,का स्थानांतरण होने के उपरांत आज बिदाई समारोह हुआ तो लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सबके साथ में सामंजस्य बनाकर चलते हुए जिन्होंने काम किया, पहली बार ऐंसे थाना प्रभारी का आगमन जब हुआ था। जिसने पुलिस थाना गुन्नौर की दशा और दिशा ही बदल दी। वैसे तो थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार अपनी चिर परिचित शांत कार्यशैली के नाम से जाने जाते हैं।
उनके कार्य करने की कला ही निराली है, जबकि पूर्व में कुछ थाना प्रभारियों का कार्यकाल राजनीतिक प्रवृत्ति के दागी व्यक्तियों की गलवहियां करने में व्यस्त रहा तो वहीं राजनीतिक किस्म की छुटभैया नेताओं की सलाह पर गलत तरीके से निरपराध सामाजिक शांत व्यक्तियों के ऊपर गलत ढंग से अपराध दर्ज कराने में सहयोगात्मक रवैया जनता की ना खुशी का कारण बना रहा। पुलिस थाना गुन्नौर में कई बार ऐसे मौके आए..? जहां पर लोगों को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए थाना प्रभारियों का विरोध करना पड़ा। मगर बीते 2 साल से अधिक समय का कार्यकाल बिताने की बावजूद भी सुशील कुमार अहिरवार एक ऐसे थाना प्रभारी के रूप में गुनौर में आमद हुई कि गलत तरीके से अपराध दर्ज करवाने वाले छुटभैया नेताओं की कार्य शैली पर विराम ही लग गया। उनकी पूंछ परख कम हो गई। और उन्होंने सबसे पहले एक काम किया जो सेल्फी छाप नेता प्रवृत्ति के छुट भैया नेता आते जाते रहते हैं उनकी आमद बिल्कुल बंद कर दी क्योंकि यही लोग होते हैं जो समाज में गलत तरीके पुलिस से सिफारिश करके पुलिस से गलत तरीके से सही लोगों पर अपराध दर्ज करवाते हैं और दिन रात थाने के चक्कर काटते रहना उनकी आदत में शुमार है मगर थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार का जब से गुनौर में पदस्थापना हुई यहां पर चापलूस किस्म के नेताओं की आमदनी बिल्कुल बंद हो गई। अगर काम है तो आप थाने आइए। वरना थाने में फालतू लोगों की बिल्कुल ही आवश्यकता नहीं है ऐसी कार्यशैली से क्षेत्र में जहां संगीन अपराध दर्ज होने की संख्या शून्य रही। तो वही आपसी सौहार्द और समाज में अमन और शांति का वातावरण निर्मित करने में आम जनमानस को काफी सहयोग मिला। आज उनकी विदाई समारोह में समाज के संभ्रांत नागरिकों ने पत्रकारों समाजसेवियों सहित काफी लोगों में यह उत्सुकता देखी गई कि हम भी थाना प्रभारी की शान में दो शब्द बोलें और इसी विदाई समारोह में काफी लंबा वक्त वक्ताओं के बोलने पर गुजरता रहा, तो कोई रंग गुलाल और माला पहनने में उन्हें हतोत्साहित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी नहीं थाना प्रभारी से भी लोगों ने सुशील कुमार अहिरवार की भांति कार्य करने की अपील की तो वही वक्ताओं ने नहीं थाना प्रभारी को यह ताक़ीद देते हुए बताया कि पुलिस थाने में फालतू लोगों की आमदरफ्त पूर्णतया जब तक बंद रहेगी तब तक सुशील कुमार अहिरवार जैसे कार्य इस थाना प्रशिक्षण में होते हुए क्षेत्र में अमन और शांति कायम करने में सहयोगी बने रहेंगे । विदाई समारोह में काफी लोगों ने अपने भाव व्यक्त करते हुए उन्हें साल शीतल से सम्मानित तो किया ही बल्कि छोटी-छोटी भेंट देकर उनका उत्साह वर्धन एवं आगे का भविष्य एवं आवाम को अच्छी पॉलिशिंग करने का हौसला-अफजाई की गई।

### मुख्यमंत्री के आगमन की तिथि निर्धारित पर अभी सांसय बरकरार

अमानगंज, पन्ना : प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सितंबर के पहले सप्ताह मे अमानगंज आ रहे हैं अमानगंज आगमन को लेकर लगातार प्रशासन तैयारी में जुटा है वहीं भाजपा कार्यकर्ता भी इस आगमन को लेकर प्रचार प्रसार में लगे हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अमानगंज पहुंचकर गुनौर विधानसभा क्षेत्र के कई विकास कार्य की सौगात भी देंगे हालांकि मुख्यमंत्री की आगमन को लेकर अभी तिथि निर्धारित नहीं हुई है उसके लिए संसय बरकरार है पुलिस अधीक्षक का कहना है कि मुख्यमंत्री 3 सितंबर या 5 सितंबर को अमानगंज जा सकते हैं वहीं पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा कॉलेज मैदान अमानगंज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जयजा लिया साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जल्द ही निर्माण कार्य कंप्लीट करने एवं सुरक्षा की दृष्टि से कार्य करने हेतु निर्देशित किया है हेलीपेड वाली जगह का भी निरीक्षण किया गया।

# 10 एकड़ भूमि को पुनः शासकीय दर्ज करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी

**15 सितम्बर को पक्ष समर्थन के लिए कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश**




**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय पन्ना द्वारा ग्राम पन्ना स्थित भूमि सर्वे नंबर 520/12 रकवा 10 एकड़ अर्थात 4.047 हे. भूमि को पुनः शासकीय म.प्र. शासन दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा तहसीलदार पन्ना के माध्यम से ग्राम सुनहरा निवासी धरमू, ग्राम पुरषोत्तमपुर निवासी मुन्ना कुशवाहा एवं पन्ना नगर के वार्ड नंबर 2, टिकुरिया मोहल्ला निवासी श्रीकांत दीक्षित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अपना पक्ष प्रस्तुत करने, उत्तर देने तथा अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहने संबंधी समस्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए आगामी 15 सितम्बर को सुबह 11 बजे से कलेक्टर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए सूचित किया गया है। निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के स्थिति में अनुपस्थित मानकर मामले की सुनवाई और निराकरण की कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना द्वारा तहसीलदार पन्ना के प्रतिवेदन 20 अगस्त 2025 के माध्यम से ग्राम पन्ना स्थित भूमि सर्वे नंबर 520 रकवा 228.71 एकड़ अर्थात 92.5576 हे. मिसल बंदोबस्त वर्ष 1955-56 में म.प्र. शासन, वर्ग 9/5, जंगल मद में दर्ज होने की जानकारी प्रस्तुत की गई है। यह भूमि वर्ष 1962-63 तक निरंतर जंगल मद में दर्ज रही है, जबकि वर्ष 1969-70 से वर्ष 1988-99 तक खसरा नंबर 520/12 रकवा 10 एकड़ . धरमू पिता भरोसे कुर्मी निवासी पन्ना के नाम पर खसरा के कॉलम नंबर 3 में दर्ज है, किन्तु खसरा के कॉलम नंबर 12 में सक्षम अधिकारी के आदेश की टीप अंकित नहीं है। वर्ष 1999-2000 से वर्ष 2003-04 तक का खसरा नगर निरीक्षक कोतवाली पन्ना में जप्त है तथा वर्ष 2004-05 से वर्ष 2008-09 तक का खसरा जीर्ण शीर्ण है। वर्ष 2009-10 से वर्ष 2018-19 तक उक्त भूमि धरमू के नाम पर यशावत दर्ज है। वर्ष 2019-20 में तहसीलदार न्यायालय पन्ना के आदेश दिनांक 19.07.2019 द्वारा मुन्ना कुशवाहा व 21.10.2021 द्वारा श्रीकांत दीक्षित के नाम से अब तक दर्ज है।

इस प्रकरण में प्रस्तुत विस्तृत प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के अवलोकन से प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि खसरा वर्ष 1969-70 में सर्वे नंबर 520/12 रकवा 10 एकड़ अर्थात 4.047 हे. धरमू के नाम पर खसरा के कॉलम नंबर 3 में दर्ज है, लेकिन कॉलम नंबर 12 में सक्षम अधिकारी के न्यायालय का नाम, प्रकरण क्रमांक और आदेश दिनांक की टीम अंकित नहीं होने से प्रविष्टियां फर्जी परिलक्षित होती हैं। भूमि के शासन से बंटित होने की स्थिति में बंटिती द्वारा भूमि विक्रय करने के पहले म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) के तहत प्राप्त भूमि विक्रय की अनुमति से संबंधित दस्तावेज भी आवश्यक है। इसके अलावा प्रश्नाधीन भूमि के तत्समय मिसल बंदोबस्त में जंगल मद में दर्ज होने के संबंध में वन विभाग के 5 जून 2025 के पत्रानुसार सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के दिनांक 15 मई 2025 के निर्णय का उल्लेख कर अवगत कराया गया है कि राजस्व वन श्रेणी की भूमि का अन्यथा उपयोग नहीं किया जा सकता है, जिससे प्रश्नाधीन भूमि का कृषि हेतु बंटन किया जाना भी संभव नहीं है। इस संबंध में संबंधितजनों को फर्जी प्रविष्टि होने तथा उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में एवं वन विभाग के अपर मुख्य सचिव के पत्र के परिपालन में प्रश्नाधीन भूमि को पुनः शासकीय दर्ज करने के लिए संबंधितजनों को नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया है।

### रासलीला में बुराई पर अच्छाई की विजय का सशक्त संदेश दिया

# श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का तीसरा दिन



**पन्ना।** संस्कृति संचालनालय भोपाल एवं जिला प्रशासन पन्ना के सहयोग से 27 से 31 अगस्त, 2025 तक राधाष्टमी के अवसर पर श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में प्रतिदिवस रासलीला, भक्ति गायन और स्थानीय लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति का संयोजन किया गया है। समारोह के तीसरे दिन पूर्वरंग अंतर्गत रचना लोधी एवं साथी, छतरपुर द्वारा भक्ति गायन में कृष्ण भजन गणेश वंदना सुमर गणेश शारदा माई...,धन्य है जा पन्ना की भूमि...,पन्ना के जुगल किशोर...,तोरे नैनन की पेनी है धार कन्हैया...,बस्ती हो राधा दूर अबकी मिलन...,तीन लोक से न्यारी राधा रानी हमारी...,बस गए जुगल किशोर हमारे मन...,जैसे भजन एवं लोक गीत की प्रस्तुति दी।
इस क्रम में रवीन्द्र अहिरवार एवं साथी, छतरपुर द्वारा बरेदी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुंदेलखंड का यह लोक नृत्य कार्तिक माह में अमावस्या से पूर्णिमा तक किया जाता है। ग्वाला समुदाय अपने पशुओं को सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। मुख्यतः ग्वाल समुदाय का नृत्य है बरेदी। छोटे बच्चे कृष्ण का रूप धर कर हाथ में लाठी लेकर घर-घर जाते हैं और बांसुरी की लय, ढोलक की थाप पर विभिन्न हस्त पद संचालन के साथ नृत्य करते हैं और अन्न प्रसादी प्राप्त करते हैं। दीपावली के दूसरे दिन गौमाता व गोवर्धन की पूजन के बाद उल्लास के साथ सामूहिक नृत्य किया जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित होता है। अगले क्रम में श्री माधव आचार्य एवं साथी-मथुरा के निर्देशन में रासलीला की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कलाकारों ने कालिया वध, मीरा प्रसंग को मंचित किया। कलाकारों के समूह ने शुरुआत की यमुना तट पर बसे कालिया नाग की कथा से, जहां विषैले नाग के आतंक से भयभीत दुर्दशा दिखाई गई। बालकृष्ण के यमुना में उतरते ही मंच पर विशेष प्रकाश और ध्वनि प्रभावों से रोमांचक वातावरण तैयार किया गया। जैसे ही श्रीकृष्ण ने कालिया के फनों पर नृत्य किया, दर्शक जयघोष से गूंज उठे। इस दृश्य ने बुराई पर अच्छाई की विजय का सशक्त संदेश दिया। इसके बाद मंच पर प्रकट हुई कृष्ण प्रेम में लीन भक्ति की प्रतिमूर्ति मीरा बाई। मीरा का पायो जी मैंने राम रतन धन पायो जैसे पदों पर आधारित अभिनय ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। रासलीला के कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश श्रीवास्तव सौरभ द्वारा किया गया।

### वनरक्षक वीरेन्द्र पटेल की पुस्तक 'कल्दा क्षेत्र के पक्षी' का विमोचन,



**सलेहा।** विगत दिवस 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के दौरान सुरभि गौशाला मोहन्द्रा में वनरक्षक वीरेन्द्र पटेल द्वारा संकलित पुस्तक 'कल्दा क्षेत्र के पक्षी' का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने किया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक छतरपुर नरेश सिंह यादव, कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा, दक्षिण पन्ना वनमंडलाधिकारी अनुपम शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्ना उमराव सिंह मरावी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने वनरक्षक वीरेन्द्र पटेल की लगन एवं परिश्रम की सराहना करते हुए इस संकलन को जैव विविधता संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण योगदान बताया। 'कल्दा क्षेत्र के पक्षी' संकलन में प्न्ब्छ की रेड डाटा सूची में शामिल पक्षियों का विशेष उल्लेख किया गया है। इसमें गंभीर रूप से संकटग्रस्त 03 प्रजातियाँ, लुप्तप्राय 01 प्रजाति, संकटग्रस्त 01 प्रजाति तथा निकट संकटग्रस्त 03 प्रजातियाँ दर्ज की गई हैं। पुस्तक में पक्षियों के प्राकृतिक आवास, आहार, घोंसले बनाने की आदतें, प्रजनन गतिविधियाँ और अन्य रोचक तथ्य भी संकलित हैं। यह कृति न केवल पक्षी प्रेमियों और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी, बल्कि स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायक सिद्ध होगी।

## शासकीय महाविद्यालय देवेंद्रनगर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया



**देवेन्द्रनगर।** शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्र नगर, जिला पन्ना में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह द्वारा प्रभारी प्राचार्य सीमा चौरसिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुजनो के स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों जैसे पुश अप, शटल रन, फ्रॉग जंप का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। तत्पश्चात क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह द्वारा 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरूस्कार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिनेश कुमार राय द्वारा किया गया एवं आभार श्री एस के गौतम द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ.अनिल श्रीवास्तव, डॉ. लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. पवन कुमार तिवारी, डॉ रीना पाण्डेय, कार्यालयीन कर्मचारी श्री विकास आनंद दीक्षित,श्री सुधीर सिंह,श्री अवधेश बागरी ,इदरीश खान सहित बहुत संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले में 313 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन



**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में विशाल 'युवा संगम' रोजगार/ स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप मेले का सफल आयोजन किया गया। इस संयुक्त आयोजन में जिला रोजगार विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई कटनी ने मिलकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस मेले में कुल 14 कंपनियों ने भाग लिया। जिसके लिए कुल 453 आवेदकों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 313 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। रोजगार के साथ-साथ, मेले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी द्वारा 1 करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त मेले में जिला शासकीय चिकित्सालय कटनी की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी श्री डी.के. पासी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति चौहान, जिला चिकित्सालय काउंसलर माधुरी शिवहरे, प्राचार्य आईटीआई कटनी शरद कुमार पांडे, प्राचार्य तिलक महाविद्यालय सुनील बाजपेई और प्राचार्य पॉलीटेक्निक नरेंद्र कुमार बड़खेंड़कर उपस्थित रहे।

### संचार संकर्म समिति की बैठक 10 सितंबर को

**कटनी।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी द्वारा संचार संकर्म समिति की समीक्षा बैठक 10 सितंबर को जिला पंचायत कटनी के सभागार में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा किये गये विभिन्न निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की जायेगी। बैठक के दौरान संचार संकर्म समिति के सदस्यों के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की जानकारी के साथ उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### जिला एवं विकासखंड स्तर पर होंगी विभिन्न खेल प्रतियोगितायें

**कटनी।** खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय द्वारा जिले में 29 अगस्त से 31 अगस्त के बीच खेल कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला और विकासखंड स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत 29 अगस्त को फोरेस्टर खेल मैदान में होगी, जहाँ सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे के बीच मेजर ध्यानचंद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस खास मौके पर, वरिष्ठ खिलाड़ियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। 30 अगस्त को दोपहर 11 बजे से माधवनगर के इंडोर हॉल में कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान अपनी ताकत और दाँव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे। वहीं 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से माधवनगर के इंडोर हॉल में ही वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। जिला मुख्यालय के अलावा विकासखंड रीठी, बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा में भी खेल गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इनमें वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, डॉज बॉल, रिले रेस और बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेल शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएँ अलग-अलग स्थानों पर होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

# घायल गायों का निःशुल्क उपचार कर बचा रहे हैं गौ रक्षक, आर्य समाज करेगा सम्मान

**महाराजपुर। नगर में सड़कों पर आवारा गायों के घूमने से आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिससे कई गायों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। इस समस्या को देखते हुए महाराजपुर के युवाओं ने मिलकर एक गौ रक्षक संगठन बनाया है। यह संगठन घायल गायों को तुरंत उपचार उपलब्ध कराता है और जब तक गाय पूरी तरह स्वस्थ न हो जाए, तब तक उसकी देखभाल करता है।**

गुरुवार सुबह 5 बजे महाराजपुर-छतरपुर रोड पर गायों का एक झुंड सड़क किनारे बैठा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक गुजरते समय एक गाय के पिछले दोनों पैर कुचल गया, जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई और पैरों से खून बहने लगा। इसी दौरान मॉर्निंग वॉक पर निकले भानु चौरसिया (म्यूजिक सेंटर) ने यह दृश्य देखा और तुरंत गौ रक्षक संगठन को सूचना दी। मात्र 5 मिनट में टीम दवाइयों का बैग लेकर मौके पर पहुंची और गाय का इलाज शुरू कर दिया। उन्होंने पट्टी की, इंजेक्शन लगाए और समय रहते



इलाज कर गाय की जान बचाई। यदि समय पर उपचार न हुआ होता, तो गाय की मौत हो सकती थी। गौ रक्षकों की इस सेवा भावना को देखकर पास में ही निवास कर रहे आर्य समाज महाराजपुर के प्रधान उमेश आर्य भावुक हो उठे। उन्होंने गौ सेवकों का आभार व्यक्त किया और प्रमुख सदस्यों शनि चौरसिया, हर्षित चौरसिया, अंशु चौरसिया को आर्थिक मदद देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने पैसे लेने से मना कर दिया। गौ सेवकों ने कहा, आप गाय की देखभाल करते रहें, किसी भी दिक्कत पर हमें तुरंत बुलाएं। ऐसे निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले संगठन आज जानवरों के लिए जीवनदाता सिद्ध हो रहे हैं। इनका मनोबल बढ़ाने के लिए शासन को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। इस मौके पर उमेश कुमार आर्य ने घोषणा की कि आर्य समाज महाराजपुर ऐसे गौ रक्षक संगठनों का सम्मान समारोह आयोजित करेगा। साथ ही अन्य संगठनों, जो जानवरों की सेवा में कार्यरत हैं, को भी सम्मानित किया जाएगा।

## लवकुश नगर में झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई, सरकार मेडिकोज सील



**लवकुशनगर।** एसडीएम के आदेश पर लवकुशनगर प्रशासन ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सरकार मेडिकोज नामक प्राइवेट क्लीनिक को सील कर दिया। यह कार्रवाई बीएमओ डॉ. लखन सिंह और थाना प्रभारी अजय अंबे की मौजूदगी में की गई।

मामला तब सामने आया जब ग्राम हरद्वार की 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला की तबीयत खराब होने पर उसे लवकुशनगर की पुरानी तहसील के पास स्थित चांदसी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां प्राइवेट डॉक्टर ने एक बोतल में इंजेक्शन मिलाकर लगाया। इंजेक्शन लगते ही महिला की हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवकुशनगर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस घटना से परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने लिखित शिकायत थाना प्रभारी को सौंपी, जिसके बाद एसडीएम कौशल सिंह के निर्देश पर कार्रवाई की गई। शनिवार को बीएमओ डॉ. लखन सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर सरकार मेडिकोज को सील कर दिया।

इस दौरान एएसआई जेपी बागरी, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र मोहन, आरक्षक रमाकांत तिवारी और सतीश सिंह मौजूद रहे। यह कार्रवाई नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि शहर में खुलेआम चल रहे अन्य अवैध क्लीनिक और पैथोलॉजी पर प्रशासन कब कार्रवाई करेगा।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खजुराहो एयरपोर्ट एवं छतरपुर आगमन पर हेलीपेड पर हुआ आत्मीय स्वागत

### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया

**छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छतरपुर शहर के मेला ग्राउंड में कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल शोभा यात्रा एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचने पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी खजुराहो एयरपोर्ट आए। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव हेलीकॉप्टर से छतरपुर हेलीपेड के लिए रवाना हुए। हेलीपेड आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेलीपेड पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। इस




अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, बड़ामलहरा पूर्व विधायक प्रद्युमन सिंह लोधी, चंदला पूर्व विधायक राजेश प्रजापति, चन्द्रभान सिंह गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों में कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, आईजी सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना, डीआईजी ललित शाक्यवार, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, नौगांव एसडीएम जीएस पटेल, एसडीपीओ अमित मेश्राम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही खजुराहो एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम राजनगर प्रशांत अग्रवाल ने भी स्वागत किया।

## बक्सवाहा में दस दिवसीय गणेश उत्सव और भागवत कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

**बक्सवाहा।** नगर के बड़ा बाजार में गणेश दादा समिति द्वारा इस वर्ष गणेश उत्सव विशेष धूमधाम से मनाया जा रहा है। समिति ने इस बार मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा की तर्ज पर पंडाल सजाया है, जहां गणेश प्रतिमा लाल बाग की थीम पर स्थापित की गई है। इस अनोखे पंडाल और गणेश प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। समिति सदस्य मयंक असाटी ने बताया कि इस थीम आधारित गणेश पंडाल और प्रतिमा की तैयारियां लगभग एक वर्ष पहले से की जा रही थीं। गणेश उत्सव के दौरान सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही व्यासपीठ पर कथावाचक पंडित धर्माचार्य राघवेंद्र मिश्रा महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु झूम उठे और नन्हें-नन्हें बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी रूप प्रस्तुत किया। कथावाचक महाराज ने कहा कि कलयुग में भगवान की कथा सुनना ही सबसे बड़ा पुण्य है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है और मन को शांति मिलती है। कथा में श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी लीलाओं तक का भावपूर्ण वर्णन किया गया। गणेश उत्सव और भागवत कथा के इस संयुक्त आयोजन ने नगर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण बना दिया है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंडाल पहुंचकर गणेश प्रतिमा और भागवत कथा के दर्शन लाभ ले रहे हैं।

## नही बनी टूटी नाली दुर्घटना के इंतजार में नगर पालिका



**महाराजपुर।** नगर की मुख्य गली में कई दिनों से रोड टूटा पड़ा है यह बस स्टैंड से नगर के अंदर जाने का मुख्य मार्ग है। यही से स्कूली बच्चों से लेकर सभी नगर वासी निकलते हैं इस कारण से यह नगर की सबसे व्यस्ततम गली है लेकिन यहां पर नाली मैं पानी भरने की वजह से परेशानी हो रही थी इसलिए नगर पालिका ने रोड को तोड़ तो दिया है लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी इसे बनाया नहीं जा रहा जहां यह रोड तोड़ी गई है वहां अंधेरा रहता है। इस कारण से यह टूटी हुई सड़क नहीं दिखाई देती है और आये दिन इसमें स्कूली बच्चों की साईकलें इसमें गिर जाती है। मुख्य गली होने के बाद भी नगर पालिका ने इसे अभी तक सही नहीं कराया है यदि यह जल्द ही ठीक नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है और आखिरकार जब भी सड़क को तोड़कर कोई निर्माण कार्य कराया जाना होता है तब प्रशासन किसी घटना के इंतजार में क्यों रहता है। नगर पालिका द्वारा जो सड़क काटी गई है उसके दोनों और किसी भी प्रकार का राहगीरों को सावधान करने के लिए सांकेतिक चिन्ह भी नहीं बनाए गए हैं अब यदि कोई घटना होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

## ट्रांसपोर्ट नगर में अतिक्रमण हटाने की की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर में बिना अनुमति कॉलोनी विकास करने वालों पर कार्यवाही की गई। शुक्रवार को नगर निगम सीमांतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण हटाने की बढ़ी कार्यवाही को अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण अमले ने अंजाम दिया।

ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी निगम की शासकीय भूमि के खसरा नंबर 146 के अंश भाग रकवा 1.20 हेक्टेयर पर अनुराग, अभिषेक पिता जितेन्द्र दाहिया द्वारा बाड़ी स्थापित कर कब्जा किया जाकर खेती की जा रही थी जिस पर नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा स्थल पर पहुँच कर शुक्रवार को स्थल से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणकारी को स्थल पर दोबारा किसी भी तहत का कब्जा नहीं करने की सख़्त हिदायत दी गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व पटवारी सुभाष गर्ग ,उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी,अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह,राजस्व व अतिक्रमण अमले सहित पुलिस बल की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर में अवैध अतिक्रमण एवं अवैद्य निर्माण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे प्रकरणों पर सख़्त कार्यवाही करने के निर्देश पूर्व से अतिक्रमण विभाग एवं कॉलोनी सेल के अधिकारियों को दे रखें हैं जिसके तहत बुधवार को भी नगर के तीन स्थलों पर अवैध कॉलोनियों की शिकायत पर निगम के अधिकारियों द्वारा कठोर कार्यवाही की गई थी।

## सांड ने मारी वृद्ध को पछाड़, कमर टूटी घायल

**नौगांव।** नगर के वार्ड नंबर 10 में एक सांड ने वृद्ध को पछाड़ लगा दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। आपको बता दें कि नगरपालिका क्षेत्र में जगह जगह गौवंश का जमावड़ा सड़कों और लोगों के घरों के बाहर अक्सर देखा जा सकता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 85 वर्षीय वृद्ध मझले शर्मा हर रोज की तरह घर के वाहर खड़े हुए थे तभी एक सांड आया और उसने वृद्ध मझले को पीछे से सर पर उठाकर पछाड़



लगा दी। जिससे वृद्ध की कमर में गंभीर चोटें आई हैं। जहां उनके परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार किया जा रहा है। एक ओर जहां राधे कृष्ण गौ सेवा समिति गायों को चारा और खाने का इंतजाम कर रही है वहीं गौवंश से घटनाओं में इजाफा हो रहा है। नगरपालिका परिषद इस ओर ध्यान नहीं दे रही है वहीं बीच बाजार जवाहर रोड पर भी इसी प्रकार की घटना सामने आई है।

## पंचायत में आते ही भ्रष्ट सचिव ने शुरू किया पूर्व की तरह भ्रष्टाचार

**सिंगरौली।** जिले मे भ्रष्टाचार के लिए ख्याति प्राप्त सचिव देवकुमारी शाह व उसके पति ने तेलदह पंचायत मे पूर्व की तरह भ्रष्टाचार करना चालू कर दिया जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय मे तेलदह पंचायत के ग्रामवासियो ने की है। ज्ञातव्य हो कि तेलदह की सचिव देव कुमारी शाह जहाँ-जहाँ जिस पंचायत मे रही वहाँ लाखो रूपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगे व देवरी पंचायत, गरेड़ियि पंचायत व चिंनगीटोला पंचायत मे भ्रष्टाचार की अनिमितता के कारण निलंबित रही वही ग्राम पंचायत पोंड़ी नौगई मे मृतक आदिवासियों के नाम से फर्जी रूप से पैसा निकालकर हड़प ली थी जिसमे तत्कालीन सरपंच को जेल हुआ था और सचिव देवकुमारी पैसे के दम पर बच गई थी!इतने मे सचिव व इसके भ्रस्टाचारी पति का पेट नही भरा था ग्राम पंचायत डिग्घी मे दो तीन वर्षो मे लाखो रूपये का भ्रष्टाचार किया था जिसकी शिकायत ग्रामवासियो ने कलेक्टर से की थी जिस शिकायत पर कलेक्टर सिंगरौली ने उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व मे जाँच कराया था जिसमे 28 लाख रूपये से ऊपर का भ्रष्टाचार उजागर हुआ था जिसकी हड़प की गई राशि को जमा करने के लिए जिला पंचायत के सीईओं ने पत्र जारी किया था लेकिन आजतक उस पर कार्यवाही नही किये! डिग्घी पंचायत से भ्रष्टाचार के कारण अस्थाई रूप से तेलदह पंचायत मे स्थानांतरण किया था लेकिन वहाँ जाते ही भ्रष्ट सचिव ने सरपंच के साथ मिलकर भ्रष्टाचार करना चालू कर दिया!जिसकी शिकायत ग्रामवासियो ने की है कि ग्राम पंचायत मे कभी सचिव आती नही है जो भी निर्माण कार्य हो रहे है उसमे व्यापक रूप से भ्रष्टाचार हो रहा है और शासन के राशि का दुरूपयोग कर हड़प ले रही है।

### हाईकोर्ट के आदेश के वावजूद नहीं हो रही कार्यवाही

ग्राम पंचायत की वर्तमान सचिव तेलदह और पूर्व सचिव डिग्घी देवकुमारी शाह के ऊपर जिले के अधिकारी एक सत्ता पक्ष के नेताजी के कारण मेहरबान है इसलिए उच्च न्यायलय के आदेश के वावजूद भी कोई कार्यवाही नही कर रहे है!नेताजी जी के दबाब मे रहे क्यो न क्योंकि इन अधिकारियो को जो जिले मे रहना है यही रहकर भ्रष्टाचार करना है!सचिव पर उच्च न्यायलय के आदेश के वावजूद कार्यवाही न करने के खिलाफ याचिकाकर्ता ने कोर्ट मे पुनः जिले के अधिकारियो के खिलाफ अवहेलना का केश दायर कर दिया है!अब देखना है कि जिला पंचायत के द्वारा आगे कोई कार्यवाही भ्रष्ट सचिव पर होती है या पूर्व कि तरह सिर्फ कोरमपूर्ति होती है।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**राजनगर। म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 03 दिवसीय खेल दिवस की महाविद्यालय शुरूआत की गई कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 तैयब खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचन्द्र जी की चित्र पर माल्यापर्ण से की गई।**

तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मेजर ध्यानचन्द्र के जीवनवृत पर प्रकाश डाला। प्राचार्य द्वारा मानव जीवन में खेल के महत्व को निरूपित किया। महाविद्यालय में बैडमिंटन, शतरंज तथा दौड़ प्रतियोगिता आयोजन किया गया। क्रीड़ा



प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को कुछ मनोरंजक खेल सिखाये गये तथा खेल केलैण्डर अनुसार आयोजित होने वाले खेल गतिविधियों की जानकारी दी गई।



## खजुराहो में गणेशोत्सव की धूम जगह जगह विराजे गजाजन

**खजुराहो।** पर्यटन नगरी खजुराहो में 10 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव पर्व की धूम है। नगर में सेवाग्राम स्थित पत्रकार आनंद अग्रवाल के निवास पर मिट्टी से बने चांद पर बैठे भगवान गजानन की मूर्ति आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है जहां पर बड़ी संख्या में गणेश भक्त सुबह शाम आरती वंदना और भजन करते हैं। आरती पंडित उमाकांत द्विवेदी करवाते हैं। गौरतलब है कि यहां पर भगवान गणेश की प्रतिमा दमोह जिले के हटा से प्रतिवर्ष आती है। गोल मार्केट पार्किंग स्थल सहित नगर में कई जगह सार्वजनिक तथा घरों में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की धार्मिक रीति रिवाज से भव्य स्थापना की गई,जहां पर बड़ी संख्या में गणेशभक्त दर्शन करके आरती पूजन करते है।

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दबाव के चलते रोके जा रहे काम, जनता परेशान : अभय मिश्रा

*सेमरिया विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र*

**रीवा।** जिले की सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभय मिश्रा ने कलेक्टर को लिखे एक पत्र में दुख जताते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के साथ प्रशासन भी दोहरा मापदंड अपना रहा है। इस क्षेत्र में संचालित सेवा सहकारी समितियो को डीएपी एवं यूरिया खाद की आपूर्ति नहीं किए जाने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में 7 सेवा सहकारी समितियां हैं लेकिन अधिकांश सेवा सहकारी समितियो द्वारा डीएपी एवं यूरिया का उठाव न किए जाने की वजह से एवं कई बार आग्रह करने के बाद भी सेमरिया नगर में यूरिया एवं डीएपी के शासन द्वारा नगद बिक्री हेतु अधिकृत व्यवस्था न किए जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में इन्होंने कहा है कि नगद खाद बिक्री हेतु प्रथक से काउंटर की स्थापना कर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए तथा किसान हित में प्राथमिकता के साथ सेमरिया नगर में एक डीएपी एवं यूरिया का शासकीय विक्रय केंद्र भी संचालित कराया जाए। इन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि आरडीएस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को विभाग द्वारा बार-बार आग्रह करने के बाद भी नहीं कराया जा रहा है जबकि जिला प्रशासन एवं विभाग को कई बार इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए आग्रह किया गया लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते जिला प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का निर्वाचित विधायक होने के कारण बिजली व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को बाधित किया जा रहा है। पत्र में श्री मिश्रा ने यह भी उल्लेखित किया है कि जिला प्रशासन से खाद बिजली एवं सांवरिया में संचालित स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की आपूर्ति बाबत कई बार जिला प्रशासन को पत्र समय-समय पर लिखे गए लेकिन पत्रों पर कार्यवाही आज भी अपेक्षित है। विधायक अभय मिश्रा ने कहा है कि खाद की आपूर्ति सेवा सहकारी समितियो में अविलंब उपलब्ध कराकर एवं अन्य समस्याओं का निराकरण कर अवगत कराने का कष्ट करें, अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

### बड़े बकायादारों की सूची तैयार, हर दिन 10 पर होगी तालाबंदी की कार्रवाई

**राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शुक्रवार को राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली। बैठक में वार्डवार पोर्टल पर की गई संपत्ति की डुप्लीकेट आईडी को फ्रीज करने की प्रक्रिया की समीक्षा की। आयुक्त ने निर्देश दिए कि शेष सभी डुप्लीकेट आईडी को शीघ्र फ्रीज किया जाए। व्यावसायिक एरियर्स की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने बताया कि तालाबंदी की कार्रवाई से कई बड़े बकायादार टैक्स जमा कर रहे हैं, लेकिन 30 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले 157 बकायादारों में से कई अब भी बकाया नहीं चुका पाए है। ऐसे में प्रतिदिन 10 बड़े बकायादारों को चिन्हित कर, तीन दिवस के भीतर तालाबंदी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। वार्डवार वसूली की प्रगति पर चर्चा करते हुए लक्ष्य से कम प्रदर्शन करने वाले दो सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। साथ ही, जिन वार्डों में 50 प्रतिशत से कम वसूली हुई है, वहां सहायक राजस्व अधिकारियों को विशेष सहयोग करने के निर्देश दिए गए। सरकारी कार्यालयों एवं भवनो से सेवा प्रभार की वसूली पर भी जोर देते हुए आयुक्त ने अगले 15 दिनों में 3 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निधर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 सितंबर को होने वाली स्लोक अदालत के लिए सभी बकायादारों को नोटिस भेजे जाएं, और नियमित संपर्क कर बकाया राशि वसूल की जाए। इस बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस, सिद्दीकी सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, रावेन्द्र राकेन सिंह, राजस्व निरीक्षक रविप्रकाश मिश्र, सहायक राजस्व निरीक्षक समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल को दिनचर्या में शामिल करें : डिप्टी सीएम







### राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सांसद खेल महोत्सव में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल को दिनचर्या में शामिल करें तथा कोई न कोई खेल अवश्य खेलें। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में गत दिवस सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। अतः शरीर को स्फूर्तिवान व स्वस्थ रखने में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में खेल सुविधाओं के लिए सभी प्रयास किए गए हैं। स्पोट्र्स काम्पलेक्स इसी का उदाहरण है जहाँ विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन होता रहता है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपेक्षा की कि वह अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करें। खेल सुविधाओं में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। खेल महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस पर फिट इंडिया की शपथ ली गई। स्पोट्र्स काम्पलेक्स में 400 मीटर रिले रेस का आयोजन हुआ। रिले रेस सहित अन्य खेलों में विजेता प्रतिभागियों को उप मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, सतीश सिंह, संभागीय खेल अधिकारी जेपी धौलपुरी, असद खान, मोहनलाल शुक्ला सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

## लावारिस कार से बरामद हुई नशे की बड़ी खेप, इलाके में मचा हड़कंप

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में खड़ी थी कार, डिग्गी में भरी मिली शीशियां, जांच में जुटी पुलिस





**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परिसर में शुक्रवार की सुबह उसे वक्त हड़कंप मच गया, जब लावारिस खड़ी कार के भीतर भारी मात्रा में नशे की खेप मिली। उक्त कार में नशे की खेप होने की जानकारी लोगों को उस वक्त हुई जब एक युवक कार की डिग्गी से शीशियां निकाल कर अपनी जेब में डाल रहा था, तभी स्थानीय लोगों की नजर जैसे ही युवक पर पड़ी तो वह मौके से भाग खड़ा हुआ और जब लोगों ने कार की डिग्गी खोली तो उनके होश उड़ गए। लोगों ने पाया कि कार की डिग्गी में प्लास्टिक की दो अलग-अलग बोरियो में नशीले कफ सिरप की शीशियां भरी हुई है, फिलहाल स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी

है, जहां पहुंची पुलिस ने कार सहित नशे की खेप को जप्त कर लिया है और मामले को जांच में लेते हुए संबंधित की पता चला शुरू कर दी है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परिसर में सिल्वर रंग की इंडिगो कार क्रमांक एमपी 17 सीए 3942 बीते कई दिनों से लावारिस हालत में खड़ी हुई है। बताया गया कि उक्त कार की डिग्गी से शुक्रवार की सुबह एक युवक को नशीले कफ सिरप की शीशियां निकालकर जेब में भरते देखा गया, तभी एक स्थानीय व्यक्ति ने युवक से कार की चाबी छीन ली और वह मौके से भाग खड़ा हुआ। स्थानीय लोगों ने जब कार की डिग्गी को खोलकर देखा तो उसमें नशीले कफ सिरप की शीशियां भारी मात्रा में रखी मिली। हालांकि उक्त कार किसकी है और कार में लोड नशे की खेप किसके द्वारा लाई गई है इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## धान और हाइब्रिड धान में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह

**रीवा।** उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को धान और हाइब्रिड धान में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि सभी किसान अपने खेत की माटी की जाँच करा लें। इससे प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड में खेत की माटी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों और कमी की जानकारी दर्ज रहती है। साथ ही उसमें फसल के अनुसार खाद के संतुलित उपयोग की भी मात्रा लिखी रहती है। उसी के अनुसार खाद का उपयोग करें। अधिक मात्रा में खाद का उपयोग किसान के लिए आर्थिक बोझ होने के साथ-साथ फसल और मिट्टी के लिए भी हानिकारक होता है। धान की सामान्य किस्म के लिए प्रति हेक्टेयर चार बैग चार किलो यूरिया और एक बैग 37 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में चार बैग 37 किलो यूरिया और पाँच बैग सिंगल सुपर फास्फेट अथवा चार बैग पाँच किलो यूरिया और दो बैग 25 किलो 12:32:16 खाद का उपयोग कर सकते हैं। इसके अन्य विकल्प के रूप में चार बैग तीन किलो यूरिया, तीन बैग सिंगल सुपर फास्फेट और दो बैग 16:16:16 खाद का उपयोग भी किया जा सकता है।

उप संचालक ने बताया कि शंकर अथवा हाइब्रिड धान के लिए 22 किलो यूरिया एवं दो बैग 9 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में पाँच बैग 36 किलो यूरिया एवं सात बैग 25 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग किया जा सकता है। इसके तीसरे विकल्प के रूप में तीन बैग 33 किलो यूरिया तथा तीन बैग 38 किलो 12:32:16 खाद अथवा चार बैग 16 किलो यूरिया, तीन बैग 20:20:0:13 तथा तीन बैग 38 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करें। इसके एक अन्य विकल्प के रूप में पाँच बैग 29 किलो यूरिया, तीन बैग 16:16:16 एवं तीन बैग 25 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग कर सकते हैं। फसलों में खाद के संतुलित उपयोग से ही अच्छी फसल प्राप्त होगी।



## उप मुख्यमंत्री ने सुनी आम जनता की समस्याएं

**रीवा।**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निज निवास अमहिया में आमजनता की समस्याओं सुनी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजनों की समस्याओं का तत्परता से हर संभव समाधान किया जाएगा। आमजनों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

**14.30 लाख का माल बरामद , कबूली 26 वारदातें, 12 तोला सोना सहित जब्त की गई ज्वेलरी, शहर और ग्रामीण इलाकों में सक्रिय था गिरोह**

## चेन-पर्स स्नैचिंग करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।**





पुलिस ने शहर और ग्रामीण इलाकों में एक साल से हो रही पर्स और चेन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक बड़े गिरोह कर पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 14.30 लाख का सामान भी जप्त किया है। जिसमें अधिकांश महिलाओं से लूटे गए सोने चांदी के जेवरात शामिल है,पकड़ गए गिरोह ने पुलिस की पूछतांछ में 26 वारदातों को काबूला है। इतना ही नहीं आरोपियों के पास से पुलिस ने लगभग 12 तोला सोना व 350 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए है। आरोपियों ने अपना गिरोह बना रखा था और रैकी करके वह घटना को अंजाम देते थे। मामले का खुलासा शुक्रवार को रीवा जोन के आईजी गौरव राजपूत औरएसपी विवेक सिंह के द्वारा किया गया है।

आईजी के मुताबिक पकड़ी गई गैंगने जनवरी माह से लेकर अब तक कुल 26 वारदातों को अंजाम देना बताया है, पुलिस की माने तो गैंग का मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि जिला मुख्यालय से महज 25 किलोमीटर दूर स्थित बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाला मोहम्मद रमजान खान है जो गुढ़ के पंकज साकेत और शहर की अंगूरी बिल्डिंग में रहने वाले राजेश साकेत के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों का साथ देने वाले मास्टरमाइंड के भाई मोहम्मद सलीम खान सहित लूट और चोरी का माल खरीदने वाले सचिन सोनी निवासी मनगवां को भी आरोपी बनाया है।

### इन थानों में हुई घटनाओं का हुआ खुलासा

पकड़े गए बदमाशों ने 26 वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें सबसे ज्यादा सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 9. विवि में 4. गुढ़ में 6, चोरहटा में 4 घटनाएं की थीं। इसके अतिरिक्त समान, मनगवां, रायपुर कर्चुलियान में 1-1 वारवालों को अंजाम दिया है। अधिकांश घटनाओं में पीड़ित महिलाएं बाइक से गिर कर घायल हो चुकी हैं।

### 200 कैमरो की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बदमाशों तक पहुंची पुलिस

बता दे कि उक्त गैंग को पकडऩे के लिए रीवा पुलिस के 150 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अलग-अलग टीमों में शामिल किए गए थे, इसके बाद पुलिस ने शहर के अलग-अलग मार्गों पर लगे तकरीबन 200 कैमरो की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद ना सिर्फ बदमाशों की पहचान की बल्कि पूरी गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस टीम के द्वारा लगातार घटना कारित करने एवं आरोपियों के आने जाने के रास्तों को चिन्हित करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपियो की पतासाजी की गई। इस दौरान 27 अगस्त को आरोपियो द्वारा पुनः रीवा के थाना चोरहटा अंतर्गत झपटमारी की गई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपियो को चिन्हित किया जा कर उनकी धरपकड हेतु जिले में सघन नाकाबंदी लगाई गई।नाकाबंदी के दौरान शुक्रवार की सुबह मुखबिर द्वारा थाना चोरहटा अंतर्गत घटना के आरोपियो के सीसीटीव्ही फुटेज से मिलते जुलते हुलिये के एक संदिग्ध व्यक्ति के स्कूटी में देखे जाने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस के द्वारा पीछा करने पर नौबस्ता रोड में ग्राम कौआढान के पास पकड़ कर पूछताछ की गई तो अपना नाम रमजान खान निवासी बैकुण्ठपुर का बताया। उक्त व्यक्ति से पूछताछ करनें पर शहर व आस पास के ल थानो में हो रही लूट की घटनाओ में अपने साथियों के साथ अलग-अलग बाइको से माह जनवरी से लेकर अब तक जिले मे 26 घटनाएं कारित करना स्वीकार किया।

### पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा

बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को एसपी ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है। इनमें निरीक्षक हितेन्द्रनाथ शर्मा, वीरेन्द्र पटेल, विजय सिंह बघेल, गजेन्द्र सिंह धाकड़, आशीष मिश्रा, विजय सिंह, उपनिरीक्षक गौरव मिश्रा मृगेन्द्रसिंह, धनश्याम मिश्रा, राजकुमार तिवारी, अरविंद राठौर, शैल यादव, प्रशांत शुक्ला, एएसआई कल्याणचंद्र पाण्डेय, प्रधान आरक्षक केपी सिंह, अरुण चौथे शिवाजीत मिश्रा, सुरेश रावत, राजेश हरिजन, कृष्णकांत नामदेव, जितेन्द्र सेन, बृजेश सिंह, आशीष सिंह, सुनील सिंह, आरक्षक अखिल सिंह, रविशंकर सिंह, पियूष मिश्र बलराम यादवस, मानेन्द्र स्यार्मा, सुभाषचंद्र, वरुणेन्द्र सिंह, अंकित दुबे, रमानधाता तिवारी, जयवीर सिंह, अशीष त्रिपाठी, अंशुमान सोनी, अमोल, मोहन, नीलेश, मनोज यादव व अन्य है।

## गलियों में घूम-घूम कर नशीली सिरप बेचते हुए युवक गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना पुलिस ने घूम-घूमकर नशीले सिरप की बिक्री करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से झोले में रखी नशीली सिरप जप्त की गई है। पूंछताछ में आरोपी ने दो सप्लायरों के भी नाम बताए है, जिनके पास से वह खेप लाकर बिक्री करता था।पुलिस ने फिलहाल तस्कर सहित दो सप्लायरों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट सहित औषधि अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और सप्लायरों की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल यह कार्यवाही जिले की बैकुंठपुर पुलिस ने की है। बैकुठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे में स्वदीप उर्फ लकी कोल के द्वारा नशीले सिरप की बिक्री किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसे नशीली सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूंछताछ में आरोपी ने नशे की खेप पलहान निवासी जितेंद्र सिंह और सनी सिंह से लाना बताया है। मामले में फिलहाल आरोपी के बयान के आधार पर कुल तीन लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस का अपराध दर किया गया है, जिनमें स्वदीप उर्फ लकी को

## मऊगंज के महाविद्यालय में आउटसोर्स भर्ती में धांधली पर कलेक्टर ने लगाई रोक



**मऊगंज।** पीएम श्री शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में आउटसोर्स कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली और अनियमितताओं का मामला सामने आया है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने इस भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के आदेश जारी कराए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आउटसोर्स भर्ती में न केवल पात्रता मानकों की अनदेखी की गई, बल्कि चयन के नाम पर कई अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूली भी की गई। गंभीर बात यह है कि 12 में से 11 चयनित उम्मीदवार एक ही वर्ग से हैं, जिससे चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतों में यह भी सामने आया है कि दस्तावेज़ सत्यापन की जिम्मेदारी संभालने वाले दो शिक्षक भी इस भ्रष्टाचार में शामिल लग रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने बहू को भी आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में चयनित करा लिया, जिससे पूरे मामले ने और तूल पकड़ लिया है। मामले की शिकायत सीधे कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची, जिसके बाद कलेक्टर संजय कुमार जैन ने भर्ती प्रक्रिया की जांच के आदेश देते हुए इसे अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। अब इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस खुलासे से शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया है और छात्रों के अभिभावक व समाज के बुद्धिजीवी वर्ग महाविद्यालय प्रशासन से पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं।

## हनुमना में PAI 2.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) की प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन





**मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत हनुमना के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 के प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें सीईओ जनपद जगदीश राजपूत, तहसीलदार शिवम गौतम, एनआरएलएम बीएम राजकिशोर तिवारी, BCM पवन प्रजापति, सीडीपीओ शंखधर त्रिपाठी, सविता श्याम परस्ते BC सर्वेश सिंह, पीएचई विभाग, APO अभिषेक पांडेय, BC/ आपरेटर RGSA एवं ग्राम पंचायतो के सचिव रोजगार सहायक, एवं जनपद स्तरीय संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे जनपद पंचायत सभागार में हुए कार्यशाला में PAI 2.0 के इंट्री हेतु सभी पंचायत उन्नत सूचकांक के पंचायत उन्नति सूचकांक वेबसाइट में प्रविष्टि करने के बारे में विकास द्विवेदी, DEO जनपद पंचायत हनुमना द्वारा पंचायत के अलावा अन्य विभागों की एंट्री के बारे में विस्तार से बताया गया एवं अन्य जानकारियां ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच रोजगार सहायक, जनपद अधिकारियों एवं कर्मचारी के समक्ष प्रदर्शित किया गया. सीईओ जगदीश सिंह राजपूत द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक के आधार पर वर्ष 23- 24 में A एवं +A कैटिगरी में आने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। TMP पोर्टल में सभी प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाकर feed-back, एवं certificate download कराया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षण सह कार्यशाला की समाप्ति की गई।